
'लीव नो वन बिहाइंड वैश्विक शिखर सम्मेलन' के दौरान प्रतिभागी।

## परमार्थ निकेतन में 'लीव नो वन बिहाइंड समिट' का समापन

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में तीन दिवसीय 'लीव नो वन बिहाइंड वैश्विक शिखर सम्मेलन' का समापन हुआ इस अवसर पर छः धर्मो के धर्मगुरूओं यथा हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म और जैन धर्म, इस्लाम धर्म और क्रिश्चियन धर्म ने सहभाग किया।


इस शिखर सम्मेलन में देश के लगभग 20 राज्यों से आये प्रतिभागियों ने स्वच्छता, स्वच्छ जल, शौचालय, मासिक धर्म सुरक्षा, तरल और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे विषयों जमीनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। विभिन्न धर्मों के धर्मगुरूओं ने भी अपने विचार और फेथ इन एक्शन के माध्यम से समाधान प्रस्तुत किये।


# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जन सुनवाई का प्रचार-प्रसार नहीं करने पर जताई नाराजगी

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने मीड-डे मील की गुणवत्ता को परखा

**निरीक्षण**

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग उत्तराखण्ड भूपेन्द्र सिंह रावत ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्य विभाग द्वारा वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न वाले अनेक स्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने सर्वप्रथम पंचधारा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और दिये जाने वाले मीड–डे मील की गुणवत्ता को देखा। इस दौरान उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए अनेक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस दौरान स्टॉक रजिस्ट्रर, उपस्थिति पंजिका व समय–समय पर आयोजित होने वाले विशेष भोज की जानकारी प्राप्त की।

उन्हे बताया गया कि विद्यालय में कुल 40 छात्र–छात्रायें अध्ययनरत है। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों को देखकर जिला प्रशासन की प्रशंसा की। इसके बाद ऑगनबाड़ी केन्द्र बद्रेश्वर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया उन्हें बताया गया कि ऑगनबाड़ी केन्द्र में कुल 08 बच्चे पंजीकृत है जिनमें 05 बालिकायें व 03 बालक है। इस दौरान उन्होंन टेक होम राशन के अन्तर्गत दिये जाने वाले खाद्यान्न के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि टेक होम राशन में गर्भवती महिलाओं को दलिया व किशमिश दिया जाता है। इस दौरान उन्होंने समय–समय पर होने वाले टीकाकरण की भी जानकारी प्राप्त की।


राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दस्तावेजों को निरीक्षण करते हुए।

अन्त में खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने विकास भवन परिसर में स्थित बाल विकास कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहा पर अनेक योजनाओं से सम्बन्धित जानकारिया प्राप्त की साथ ही टेक होम राशन से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्ट्रर व अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने कलैक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायत जो प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सम्बन्धित थी जिसमें लाभार्थी को योजना का लाभ मिल पाया जिस पर उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को लाभार्थी को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी पत्र निदेशालय स्तर पर प्रेषित किये जाते है उसकी एक प्रति आयोग को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। ताकि राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक दौरान जनपद की समस्या को रखा जा सके।

इस दौरान उन्होनें अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये। उन्होंने इस बात पर गहरी नाराजगी व्यक्त की, कि जन सुनवाई का व्यापक प्रचार–प्रसार नहीं किया गया जिस कारण लोग अपनी समस्या को लेकर नहीं आ पाये। उन्होंने भविष्य में इन तरह के कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिये ताकि आम जनमानस इससे लाभान्वित हो सके।

# शिक्षा से ही होता है व्यक्ति का सर्वांगीण विकासः जिलाधिकारी

**संवाददाता**

रानीखेत। शिक्षा से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है और सामाजिक जीवन में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुये हमें राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिये। यह बात जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बतौर मुख्य अतिथि आज अशोका हॉल स्कूल मजखाली में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की उन्नति के लिये एक महत्वपूर्ण साधन है और शिक्षा के माध्यम से ही हम समाज की अनेक बुराईयों को दूर कर सकते है। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि हमें हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे

> शिक्षा समाज की उन्नति के लिये एक महत्वपूर्ण साधन

बढ़ना चाहिये और हमेशा कठिन परिश्रम हो महत्व देना चाहिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्कूल की छात्रों से सीधे संवाद किया और उनकी रूचियो के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं द्वारा सिविल सर्विस के बारे में अनेक प्रश्न जिलाधिकारी से पूछे जिस पर जिलाधिकारी ने भारतीय सिविल सर्विस मे चयन हेतु अनेक जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं द्वारा कार्य किया जा रहा हैं जो हम सबके लिये गौरव की बात है। डीएम ने कहा हमें हमेशा समाज के लिये कार्य करना चाहिये जो हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि हमें जनसस्याओं के निस्तारण के लिये हमेशा तत्पर रहना चाहिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमें हमेशा चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिये तभी हम समाज का विकास कर सकते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा पर्यटन के लिये चलायी जा रही अनेक योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा जनपद में अनेक योजनायें चलायी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि रानीखेत शहर पर्यटन की दृष्टि से अपने आप में एक बहुत सुन्दर शहर है। इस अवसर स्कूली बालिकाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## राष्ट्रीय लोक अदालतों में 3 करोड़ से अधिक की मुआवजा समझौता राशि वसूली गई

**(संवाददाता)** नैनीताल। प्रभारी अध्यक्ष व जिला जज विनोद कुमार की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय नैनीताल, बाह्य न्यायालय रामनगर व हल्द्वानी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालतों में कुल 3 करोड 18 लाख 84 हजार 2 सौ छियासी रूपये मुआवजा समझौता राशि वसूल की गई। जानकारी देते हुये सिविल जज सीडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इमरान मौ0 खान ने बताया कि विनोद कुमार प्रथम अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश न्यायालय नैनीताल मे अदालत बैच अधिवक्ता अनिल कुमार द्वारा एनआई एक्ट के 01 वाद एवं एमएसीटी के 12 वादो का निस्तारण कर मुव0 87,10,000/– रूपये की समझौता धनराशि वसूल की गई तथा एक वाद का निस्तारण किया गया। इसी तरह मोनिका मित्तल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामनगर एवं लोक अदालत बैंच अधिवक्ता मदन मेहता द्वारा एनआई एक्ट के 02 वादों एवं एमएसीटी के 05 वादों का निस्तारण कर कुल मुव0 1,71,56,100६–रूपये की समझौता धनराशि वसूल की गई।

## न्यूज डायरी

### यातायात पुलिस ने आयोजित किया हेल्थ चेकअप एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**(संवाददाता)** हरिद्वार। यातायात पुलिस हरिद्वार एवं महिंद्रा एंड महिन्द्रा ग्रुप ,रोटरी क्लब, समर्पण सेवा समिति व विशाल ऑप्टरीकल्स के सहयोग से टैम्पों ,ट्रैवेलर्स व टैक्सीयो के लिए हेल्थ चेकअप एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम चंडीचौक पर आयोजित हुआ,जिसका उद्घाटन एसएसपी हरिद्वार के हाथों हुआ। यातायात जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटो,विक्रम,टैक्सी, ई रिक्शा,बस चालको का हेल्थ चेकअप के अलावा उनके वाहनों पर कोहरे के कारण दुर्घटना से बचाव हेतु रिफ्लेक्टर्स लगवाना व यातायात नियमो के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एसएसपी सेंथिल अबुदई कृष्णराज एस ने कहा कि इस जागरूकता कैम्प के माध्यम से इन लोगो को जागरूक करना है कि सभी ड्राईवर यातायात नियमों की बखूबी जानकारी के साथ –साथ अपने स्वस्थ्य का भी ध्यान रखे।

### डीएम ने बीडी पाण्डे पुरूष एवं महिला चिकित्सालयों का व्यापक निरीक्षण किया

**(संवाददाता)** नैनीताल। जिलाधिकारी सविन बंसल की अनेकों बार हिदायत देने के बाद भी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक बाहर की दवाईयॉ लिखने की आदत नहीं छोड़ पा रहे हैं, जबकि सरकार एवं शासन के स्पष्ट एवं सख्त आदेश हैं कि मरीजों को बाहर की दवाईयॉ कतई न लिखी जाए। यदि दवाईयॉ स्टोर में उपलब्ध न हों तो स्थानीय बाजार से क्रय कर मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जायें। बुद्धवार को जिलाधिकारी सविन बंसल ने बीडी पाण्डे पुरूष एवं महिला चिकित्सालयों में लगभग 4 घण्टे के व्यापक निरीक्षण के दौरान मरीजों ने बताया कि के अस्पताल के डॉक्टर बाजार की दवाईयॉ लिख रहे हैं।

### जेडब्ल्यू मैरियट में हुआ क्रिसमस पर खुशी के मौसम का आगमन

**(संवाददाता)** देहरादून। जेडब्लू मैरियट मसूरी वॉलनट ग्रोव रिजॉर्ट एवं स्पा में त्योहारों की खुशी मनाने का समय आ गया है। क्वीन ऑफ हिल्स में चमचमाती रोशनी, घंटियों की आवाज, स्वादिष्ट व सुगंधित आहार और ढेर सारी खुशी के साथ जश्न का माहौल छा गया है। आपके परिवार के हर सदस्य के लिए रोचक गतिविधियों एवं अनूठे मनोरंजन के साथ इस माह भर चलने वाले जश्न में हमारे साथ शामिल हो जाईये। सीजन के स्वादिष्ट आहार में मौसमी स्वाद व पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं। यहां पर फेस्टिव मेन्यू खास तौर पर छुट्टियों के वातावरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। क्वीन ऑफ हिल्स में एक नई शुरुआत का जश्न मनाने आ जाईये।